STLL **Sindhu Trade Links Limited**

Regd. Office : 129, Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi-110035

Ref. No. STLL/BSE-NSE/2023-24/12 Dated 13/08/2023

To

**B.S.E. Limited**
Floor 25, P.J Towers,
Dalal Street,
Mumbai- 400001

**BSE Scrip Code: 532029**

**National Stock Exchange of India Limited**
Exchange Plaza, 5th Floor, Plot No. C/1,
G Block, Bandra Kurla Complex,
Bandra (East), Mumbai - 400051

**NSE Symbol: SINDHUTRAD**

**Sub: Publication of Unaudited Consolidated Financial Results for the Quarter Ended on 30th June, 2023.**

Dear Sir/Mam,

In compliance with regulation 47 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we are hereby enclosing copies of newspaper Hari Bhoomi & Financial Express dated 13th August, 2023 for publishing the Unaudited Consolidated Financial Results for the Quarter Ended on 30th June, 2023.

This is for your information and Record.

Thanking You,

Yours Faithfully,
For **Sindhu Trade Links Limited**

SUCHI GUPTA

Digitally signed by SUCHI GUPTA
DN: c=IN, o=Personal, pseudonym=92FB478B29758B54ADCC25899425A140A5C559FB, 2.5.4.20=9e7f14fcad4623a63f95dc374f035eb457881c384c87c70689966e0b03691de1, postalCode=110034, st=Delhi, serialNumber=6D3BE2B1F998038016BE2950E091159C197049B71A363C12A5E23D967D6332D1, cn=SUCHI GUPTA
Date: 2023.08.14 20:30:08 +05'30'

(Company Secretary)

खबर संक्षेप

## केंद्रीय मंत्री ने सुनी लोगों की समस्याएं

**गाजियाबाद।** सांसद एवं केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यमंत्री जनरल डॉ.



विजय कुमार सिंह शनिवार को क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और उन सभी का कुशलक्षेम जाना। सांसद ने कई समस्याओं का तत्काल रुप से निवारण किया और अन्य सभी को आश्वस्त किया जो समस्याएं अभी बनी हुई है, जल्द से जल्द उनका निवारण होगा।

## मील का पत्थर साबित होगी सुविधाएं: तेजपाल

**फरीदाबाद।** हेल्थ केयर अस्पताल जनता को समर्पित कर दिया गया। मुख्य अतिथि अभा



योगी नाथ उपाध्याय समाज सेवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी तेजपाल सिंह ने रिबन काटकर इसका उद्घाटन किया। तेजपाल सिंह ने कहा कि यह अस्पताल स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में मील का पत्थर साबित होगा। इसके खुलने से स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए लोगों को शहर नहीं जाना पड़ेगा।

## पत्नी के 4 लाख चोरी की पति ने दी झूठी सूचना

**गाजियाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सीकरी कलां में चौकीदार के घर से 4 लाख नगदी चोरी का



मामला झूठा निकला। आरोपित चौकीदार ने चार लाख हड़पने के लिए पुलिस को झूठी सूचना दी। यह रुपए पत्नी को उसके भाई ने दिए थे। आरोपित ने सेफ से रुपए निकालकर एक कपड़े में लपेटे और जमीन ने दबा दिए। छानबीन की तो मामले से पर्दा हटा।

## बच्चों के विकास के लिए खेल भी जरूरी: गोयल



**गुरुग्राम।** पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने शनिवार को शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल में स्केटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों व शिक्षकों को खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी प्रेरित किया। गोयल ने प्रतिभागियों को बेस्ट पोजिशन व बेस्ट स्कोर प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी।

### मुख्य अतिथि रहे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत प्रमुख गंगा शंकर मिश्र

# जय सेवा फाउंडेशन व जिला रेडक्रॉस सोसाइटी ने किया फरीदाबाद के लोगों को तिरंगा वितरण

आजादी हमारे पूर्वजों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों से प्राप्त हुई है। हम सभी को मिलकर यह पर्व बहुत धूमधाम से मनाना चाहिए। जिससे आने वाली पीढ़ी को स्वतंत्रता का महत्व का पता चले।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जय सेवा फाउंडेशन एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में आजादी अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान का कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर रेडक्रॉस भवन सेक्टर-12 में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हरियाणा प्रांत प्रमुख गंगा शंकर मिश्र ने इस कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए शहर की सम्मानित संस्थाओं को स्वयं अपने हाथों से हर घर पर तिरंगा लगाने के लिए तिरंगा वितरण किया। साथ ही आए हुए सभी समाजिक संगठनों को बताया कि 15 अगस्त को हमारा देश स्वतंत्र हुआ था। यह आजादी हमारे पूर्वजों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों से प्राप्त हुई है। हम सभी को मिलकर यह पर्व बहुत धूमधाम से मनाना चाहिए। जिससे हमारे आने वाली पीढ़ी को सदैव याद रहे स्वतंत्रता का महत्व क्या है। सामाजिक संगठनों से अपील करता हूं कि सभी तिरंगे अपने प्रतिष्ठान और घरों के ऊपर 13 से 15 अगस्त के अवसर पर अवश्य फहराएं।



### आजादी के अमृत महोत्सव में चलाया जा रहा हर घर तिरंगा अभियान

विशिष्ट अतिथि रेडक्रॉस सचिव विजेंद्र सोरोत ने बताया कि हर घर तिरंगा भारत की आजादी के 76वें वर्ष के उपलक्ष्य में लोगों को अपने घर पर तिरंगा झंडा फहराने के लिए प्रोत्साहित करने आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वावधान में चलाया जा रहा एक अभियान है। झंडे के साथ हमारा संबंध सदैव व्यक्तिगत की बजाए औपचारिक और संस्थागत रूप में अधिक रहा है।

### संस्थाओं के पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे

कार्यक्रम में मिशन जागृति, वृक्षारोपण एक पहल, दाल रोटी वाले, स्वाभिमान सेवा ट्रस्ट, महिला संगठन, दधीच वेदांत समिति, श्री श्याम बाबा सेवा ट्रस्ट, रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन, पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज, लवदीप फाउंडेशन, नवप्रयास संगठन, महाराष्ट्र मित्र मंडल, सैनिक व अर्धसैनिक कल्याण ट्रस्ट, स्त्री शक्ति पहला समिति, ग्लोबल कंफर्मेशन ऑफ एनजीओस एवं जिला प्रशिक्षण अधिकारी पुरुषोत्तम सैनी, समाज के प्रबुद्ध लोगों ने अपने विचार सांझा किए।

### भ्रामक तथ्यों के आधार पर कमिश्नर को किया था ट्वीट

# न्यूज चैनल के एडिटर को बेल, पोस्ट शेयर करने वाले हिंदू नेता को जेल

नूंह दंगों के बाद गुरुग्राम पुलिस की साइबर क्राइम टीम सोशल मीडिया पर ऐसी गलत और भ्रामक जानकारियां डालने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है, जिनसे आपसी सद्भाव बिगडने की संभावना रहती है। इसी कड़ी में साइबर क्राइम की टीम ने एक न्यूज चैनल के के रेजीटेंड एडिटर मुकेश कुमार को गिरफ्तार करके अदालत में पेश किया था।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

भ्रामक तथ्यों के आधार पर पुलिस कमिश्नर को ट्वीट करने वाले न्यूज चैनल के एडिटर को अदालत से बेल मिल गई। जबकि पोस्ट को शेयर करने वाले हिंदू नेता को जेल भेज दिया गया। दरअसल, नूंह दंगों के बाद गुरुग्राम पुलिस की साइबर क्राइम टीम सोशल मीडिया पर ऐसी गलत और भ्रामक जानकारियां डालने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है, जिनसे आपसी सद्भाव बिगडने की संभावना रहती है। इसी के चलते साइबर क्राइम की टीम ने एक न्यूज चैनल के के रेजीटेंड एडिटर मुकेश कुमार को गिरफ्तार करके अदालत में पेश किया।

**खास बातें**

- ट्वीट में तथ्यहीन बातें लिखकर लोगों को भड़काने का किया था काम
- हिंदू नेता को न्यायालय में ड्यूटी मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया, लेकिन उन्हें भेजा गया भोंडसी जेल



### ऋतुराज के वकील ने अपील रखी

अदालत ने तुरंत ही जमानत दे दी। वहीं मुकेश कुमार के इसी ट्वीट को फेसबुक पर शेयर करने वाले गुरुग्राम के रहने वाले हिंदू नेता ऋतुराज अग्रवाल को गुरुग्राम पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हिंदू नेता को जिला न्यायालय में ड्यूटी मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया। जहां से उन्हें भोंडसी जेल भेज दिया गया। ऋतुराज की तरफ से जमानत याचिका पेश करने वाले वकील कुलभूषण भारद्वाज ने कोर्ट में जज के सामने अपील रखी कि मुकेश कुमार ने ट्वीट किया था उसको न्यायालय से जमानत मिल चुकी है।

### इस ट्वीट पर किया केस दर्ज

गत बुधवार को मुकेश कुमार ने अपने ट्वीटर हैंडल से ट्वीट कर पुलिस कमिश्नर कला रामचन्द्रन के टवीटर पर ट्वीट किया था। ट्वीट में कहा गया था कि पुलिस कमिश्नर को अल जजीरा न्यू चैनल से फोन कर हिंदुओं पर कार्रवाई करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। इसके अलावा ट्वीट में कहा गया था कि डीसी गुरुग्राम का फोन आने के बाद पुलिस कमिश्नर कहीं से भी हिंदुवादी कार्यकर्ताओं को उठा ले रही हैं। इस ट्वीट में तथ्यहीन बातें लिखकर लोगों को भड़कने का काम किया जा रहा था, जिस पर पुलिस ने साइबर थाना ईस्ट में केस दर्ज किया था।

### विभाजन के दर्द ने हमें अन्दरूनी रूप से मजबूती प्रदान की

# विभाजन की त्रासदी में इज्जत बचाने बहन-बेटियों को मारना पड़ा: त्रिखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

बड़खल विधानसभा क्षेत्र में विभाजन विभिषिका कार्यक्रम का आयोजन एनआईटी में आयोजित किया गया। आयोजन विधायक सीमा त्रिखा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने शिरकत की और विभाजन की विभिषिका का दर्द पुरूषार्थी समाज के लोगों से मुंह से सुना।

कार्यक्रम में 14 अगस्त 1947 को भारत के लिए रवाना हुई ट्रेन में शामिल लोगों को मंच पर बिठाया गया, जिन्होंने आजादी की लड़ाई में हुए कत्लेआम का भयावह दृश्य अपनी आंखों से देखा और अपने लोगों की हुई दर्दनाक मौत को सहा। इसमें चुन्नीलाल भाटिया, स. सुरेन्द्र सिंह, पार्वती भाटिया आदि शामिल थे। इसमें स. सुरेन्द्र सिंह को उस समय 5 वर्ष की उम्र में 5 गोलियां लगी थी और उनका अंगूठा उस त्रासदी में कट गया था। कार्यक्रम में लोगों ने आजादी के इतिहास से अवगत कराया। इस मौके पर विधायक त्रिखा ने विभाजन की विभिषिका के दर्द को सांझा करते हुए कहा कि एक बार तो हम कट-फट गए हैं, लेकिन दोबारा हमें कोई काट और बांट न पाए। यह भावना हमारे सर्व समाज में रहने चाहिए। जब हमारे बुजुर्ग वहां से आए तो जो मंजर उन्होंने बताया, बेटियों-बहनों की अस्मिता बचाने के चक्कर में स्वयं अपनी बहन-बेटियों का कत्ल कर दिया। उस समय हालात ऐसे थे कि उनकी इज्जत बचाना मुश्किल था। त्रिखा ने कहा कि हमारे बुजुर्गों के अदम्य साहस एवं सहिष्णुता की जितनी तारीफ की जाए उतनी



कम है। जब वो वहां से आए, फकीरों की तरह खाली हाथ आए, मगर आज उन्होंने अपने पसीने की मेहनत से अपना पराक्रम साबित कर दिया।

फरीदाबाद शहर की पहचान में इनके पुरुषार्थ का बहुत बड़ा योगदान है। हर क्षेत्र में ये पुरुषार्थी झंडा फहरा रहे हैं। ये पुरुषार्थी वही लोग हैं, जिन्होंने लंगर बांटना दुनिया को सिखाया, इन्हीं पुरुषार्थियों ने कोरोना काल में जितनी सेवा की, उसका कोई मुकाबला नहीं किया जा सकता। इनके जो संस्कार हैं, उसमें केवल यही सिखाया गया है कि सिमरन करें और सुख-दुख में मिल-बांटकर अपना भाईचारा मजबूत करें। अपने संस्कारों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का काम ये लोग कर रहे हैं। जिस देश के लोग अपने इतिहास को अगली पीढ़ी तक नहीं पहुंचा पाते, वह देश गुमनामियों की तरफ बढ़ जाता है। इसके अलावा जिस देश के लोग अपने इतिहास को अपनी आने वाली पीढ़ी को बार-बार सुनाते रहते हैं, वह देश सदैव आगे की ओर अग्रसर होता है।

### सुरक्षा के मद्देनजर चलाया अभियान

# डीसीपी ट्रैफिक ने पुलिस नाकों की चेकिंग कर दिए आवश्यक निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन ने स्वतंत्रता दिवस पर सुरक्षा के मद्देनजर व नाइट डोमिनेशन अभियान के तहत लगाए गए पुलिस नाकों की चेकिंग कर ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को अहम दिशा निर्देश दिए।

डीसीपी ट्रैफिक द्वारा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अभियान के दौरान लगाए गए पुलिस नाकों को चेक किया और मौजूद पुलिस कर्मियों को सुरक्षा के दिशा निर्देश दिए । नाइट डोमिनेशन अभियान के तहत पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान भी काटे । पुलिस ने 193 वाहन चालकों के चालान काटे, जिसमें 50 चालान ओवर स्पीड तथा 30 शराब पीकर वाहन चलाने वाले शामिल थे। डीसीपी ट्रैफिक ने निर्देश दिए कि नाकों से गुजरने वाले सभी वाहनों को चेक करें। किसी पर शक होने पर चालक से पूछताछ करें। नागरिकों की सुरक्षा पुलिस का प्राथमिक उद्देश्य है ।

## गुमशुदा ट्रक ड्राइवर की हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 65 प्रभारी ब्रह्म प्रकाश व उनकी टीम ने



आइएमटी मछगर में हुए ट्रक ड्राइवर विकल मर्डर में आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अमित है, जो अलीगढ़ का निवासी है और फिलहाल बल्लभगढ़ के मछगर गांव में रह रहा था। आरोपी सेक्टर-68 स्थित हेलो स्टील कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है। विकल ट्रक ड्राइवर था और फरीदाबाद सामान लेकर आता था।

# शहीद सिपाही सतबीर के घर जाकर एसीपी ने दी श्रद्धांजलि

## मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत शहीदों को किया जा रहा याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सरकार द्वारा चलाए गए मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा-निर्देश के तहत एसीपी मुजेसर सुधीर तनेजा ने फरीदाबाद के शहीद जवान सतबीर सिंह को उनके घर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर एसीपी के साथ वेलफेयर इंस्पेक्टर जयबीर नारा, सेक्टर-58 थाना प्रभारी अनूप, पुलिस चौकी सीकरी प्रभारी व उपनिरीक्षक महेश भी मौजूद रहे। इस अवसर पर शहीद पुलिसकर्मी की याद में पौधारोपण किया गया।



### शहीदों के बलबूते मिली आजादी

सरकार द्वारा शहीदों के सम्मान में मेरी माटी मेरा देश अभियान चलाया है, जिसके तहत देश के लिए अपनी जान कुर्बान करने वाले शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। 75वें आजादी के अमृत महोत्सव समापन पर मेरी माटी-मेरा देश अभियान राष्ट्र प्रेम को समर्पित है। देश के शहीदों के अमूल्य बलिदान के बलबूते हमें आजादी मिली है, जिसके लिए भारतीय को देश के वीरों पर गर्व है। इसी के तहत एसीपी मुजेसर सुधीर तनेजा फरीदाबाद के रहने वाले गांव जाजरू के शाहिद सिपाही सतबीर के घर पहुंचे। वहां पर पहुंचकर उन्होंने शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### गौ तस्करी रोकने की कार्रवाई में गई थी जान

शहीद सिपाही सतबीर फरीदाबाद के जाजरू गांव के थे। 25 मई 2006 को सूचना मिलने पर गौ रक्षक दल इंचार्ज सहायक उपनिरीक्षक प्रभु दयाल के नेतृत्व में अपराधियों को गिरफ्तार करने गांव घुसपैठी में नाका लगाया। वहीं बिना नंबर प्लेट के दो डंपर घुसपैठी की ओर आते दिखाई दिया। पुलिस ने वाहनों को रुकने का संकेत दिया, परंतु चालकों ने वाहन की रफ्तार बढ़ा दी और पुलिस पार्टी पर हमला कर दिया, जिसमें सतबीर को गंभीर चोट आई। दूसरे डंपर चालक ने डंपर सतबीर पर चढ़ा दिया। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

### ननि की स्वच्छता पाठशाला

# एसबीएम 2023 में प्रथम आने के लिए अफसरों का मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर निगम सभागार में स्वच्छता की पाठशाला आयोजित की गई। जिसमें महानगर की सफाई व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए रणनीति तैयार की गई। साथ ही नगर आयुक्त ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 को लेकर समस्त एस एफ आई, समस्त सुपरवाइजर सभी जोन के सफाई नायको, हेड मालियों, जलकल विभाग की टीम, निर्माण विभाग की टीम को मोटिवेट किया। मौके पर समस्त जोन के जोनल प्रभारी भी उपस्थित रहे। विभागीय अधिकारियों तथा स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को बुलाया गया स्वच्छता को लेकर विशेष बिंदुओं पर चर्चा हुई।

नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ ने शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कचरा पृथक्करण मुहिम, कचरे से खाद बनाने हेतु शहरवासियों को जागरूक करने के लिए प्रोत्साहित किया ।



गौड़ ने स्वास्थ्य विभाग की टीम को उत्साहित करते हुए पुनः स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर वन आने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का आह्वान किया।

डॉ. मिथिलेश नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश ने बताया कि शहर में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है जिसके लिए कार्य योजना के अनुसार कार्य कर रहे हैं । नगर आयुक्त गाजियाबाद डॉ. नितिन गौड़ ने बैठक के दौरान निर्माण तथा उद्यान विभाग को भी स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।


**सूर्या इंडिया लिमिटेड**

पंजी. कार्यालय : बी-1/एफ-12, मोहन को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, मथुरा रोड, नई दिल्ली-110044
Tel: +91 11 45204115; Fax: +91 11 28898016; Email: cs@haldiram.com
CIN: L74899DL1985PLC019991; Website: www.suryaindialtd.com

**30 जून 2023 को समाप्त तिमाही हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण** (राशि लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.06.2023 अअंकेक्षित | 31.03.2023 अअंकेक्षित | 30.06.2022 अअंकेक्षित | 31.03.2023 अंकेक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 91.99 | 98.54 | 85.96 | 430.35 |
| 2 | कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ /(हानि) | 9.60 | 8.16 | (8.54) | 79.34 |
| 3 | कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ /(हानि) | 9.60 | 8.16 | (8.54) | 79.34 |
| 4 | कर के बाद और असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ /(हानि) | 6.59 | 6.57 | (5.69) | 58.13 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 6.93 | (620.23) | (3.89) | (563.06) |
| 6 | भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10/- प्रत्येक के) | 698.58 | 698.58 | 698.58 | 698.58 |
| 7 | रिजर्व्स (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) पूर्ववर्ती वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार | - | - | - | 12,446.11 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (रु. 10 प्रत्येक के) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) 1. बेसिक : 2. डायल्युटेड : | 0.09<br>0.09 | 0.09<br>0.09 | (0.08)<br>(0.08) | 0.83<br>0.83 |

टिप्पणियां :-
1. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015, समय-समय पर संशोधित अनुसार के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के पास दायर किये गये तैमाहिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट (www.bseindia.com) और कम्पनी की वेबसाइट (www.suryaindialtd.com) पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त अअंकेक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा 11.08.2023 को आयोजित उनकी बैठक में कर ली गई और उसके पश्चात इसकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये। सीमित समीक्षा कम्पनी के वैधानिक अंकेक्षकों द्वारा कर ली गई है।
3. प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) में अन्य आय शामिल नहीं है।

कृते सूर्या इंडिया लिमिटेड
हस्ता/-
प्रीति अग्रवाल
प्रबंध निदेशक
डीआईएन 00011450

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 11.08.2023



**Sindhu Trade Links Ltd.**

129,Transport Centre,Rohtak Road,Punjabi Bagh, New Delhi-110035
Unaudited Financial Results (Standalone & Consolidated) for the Quarter ended 30th June, 2023
CIN: L63020DL1992PLC121695 | Website: www.sindhutrade.com |Email id: corporatecompliance@sindhutrade.com |Phone: 0124-6913000
Extracts of Consolidated& Standalone Unaudited Financial Results for the Quarter Ended on 30.06.2023

(In Lacs)

| Particulars | Standalone | | | | Consolidated | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Quarter Ended | | | Year Ended | Quarter Ended | | | Year Ended |
| | 30.06.2023 (Unaudited) | 31.03.2023 (Audited) | 30.06.2022 (Unaudited) | 31.03.2023 (Audited) | 30.06.2023 (Unaudited) | 31.03.20223 (Audited) | 30.06.2022 (Unaudited) | 31.03.2023 (Audited) |
| Total Income from operations | 14,153.42 | 13,995.40 | 12,460.02 | 49,029.58 | 44,438.55 | 48,898.79 | 26,145.83 | 1,33,452.97 |
| Net Profit/ (Loss) for the period (before tax, exceptional and/ or extraordinary items) | 1,432.34 | 1,600.41 | 1,590.34 | 4,310.54 | 4,474.99 | 4,071.16 | 959.37 | 1,670.43 |
| Net Profit/ (Loss) for the period before tax (after exceptional and/ or extraordinary items) | 1,432.34 | 1,600.41 | 1,590.34 | 4,310.54 | 4,474.99 | 4,481.10 | 1,017.99 | 1,668.77 |
| Net profit/ (Loss) for the period after tax (before comprehensive Income) | 985.24 | 1,104.98 | 1,190.08 | 3,277.40 | 2,933.88 | 3,142.04 | 545.10 | (348.23) |
| Total Comprehensive Income for the Period {comprising Profit / Loss for the Period (after Tax)} and Other Comprehensive Income (after Tax) | 985.22 | 5,998.73 | 1,190.08 | 11,037.34 | 2,506.69 | (11,481.31) | 11,556.17 | 4,198.52 |
| Equity Share Capital | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 |
| Reserves (excluding Revaluation reserves) as shown in the Audited Balance Sheet of the Previous Year) | 66,511.91 | 65,526.69 | 55,879.83 | 65,526.70 | 1,19,687.36 | 1,17,793.76 | 1,14,972.55 | 1,17,793.76 |
| Earning Per Shares (for continuing and discontinued operation) of ₹1/-each) Basic : Diluted: | 0.07<br>0.07 | 0.07<br>0.07 | 0.08<br>0.08 | 0.21<br>0.24 | 0.13<br>0.13 | 0.20<br>0.20 | 0.04<br>0.04 | 0.00<br>0.00 |

Notes:-
1. The above is an extract of the detailed format of quarterly financial results filed with the stock exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the quarterly financial results is available on the websites of the Stock Exchange and company's website www.sindhutrade.com. The above results after being reviewed by the Audit Committee were taken on record by the Board at its Meeting held on 12thAugust, 2023.
2. The above Unaudited financial results of the Company for the Quarter ended on 30th June, 2023 have been reviewed by Audit Committee of the Board and approved by the Board of Director at its meeting held on 12thAugust, 2023.
3. The figures are regrouped in previous year also, wherever considered necessary.
4. Limited Review Report has been carried out by the Statutory Auditors for the above period.

For & on behalf of Board of Directors
Sindhu Trade Links Limited
Sd/-
Saurabh Sindhu
(Director)
DIN: 02291158

Place: Gurugram
Dated: 12.08.2023

Place : New Delhi
Date : 12 August, 2023

SHRIRAM

Sr. Managing Director & CEO
DIN: 00203808

# Sindhu Trade Links Ltd.

129,Transport Centre,Rohtak Road,Punjabi Bagh, New Delhi-110035

**Unaudited Financial Results (Standalone & Consolidated) for the Quarter ended 30th June, 2023**

**CIN: L63020DL1992PLC121695 | Website: www.sindhutrade.com |Email id: corporatecompliance@sindhutrade.com |Phone: 0124-6913000**

**Extracts of Consolidated& Standalone Unaudited Financial Results for the Quarter Ended on 30.06.2023**

(In Lacs)

| Particulars | Standalone | | | | Consolidated | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Quarter Ended | | | Year Ended | Quarter Ended | | | Year Ended |
| | 30.06.2023 (Unaudited) | 31.03.2023 (Audited) | 30.06.2022 (Unaudited) | 31.03.2023 (Audited) | 30.06.2023 (Unaudited) | 31.03.20223 (Audited) | 30.06.2022 (Unaudited) | 31.03.2023 (Audited) |
| Total Income from operations | 14,153.42 | 13,995.40 | 12,460.02 | 49,029.58 | 44,438.55 | 48,898:79 | 26,145.83 | 1,33,452.97 |
| Net Profit/ (Loss) for the period (before tax, exceptional and/ or extraordinary items) | 1,432.34 | 1,600.41 | 1,590.34 | 4,310.54 | 4,474.99 | 4,071.16 | 959.37 | 1,670.43 |
| Net Profit/ (Loss) for the period before tax (after exceptional and/ or extraordinary items) | 1,432.34 | 1,600.41 | 1,590.34 | 4,310.54 | 4,474.99 | 4,481.10 | 1,017.99 | 1,668.77 |
| Net profit/ (Loss) for the period after tax (before comprehensive Income) | 985.24 | 1,104.98 | 1,190.08 | 3,277.40 | 2,933.88 | 3,142.04 | 545.10 | (348.23) |
| Total Comprehensive Income for the Period {comprising Profit / Loss for the Period (after Tax)} and Other Comprehensive Income (after Tax) | 985.22 | 5,998.73 | 1,190.08 | 11,037.34 | 2,506.69 | (11,481.31) | 11,556.17 | 4,198.52 |
| Equity Share Capital | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 |
| Reserves (excluding Revaluation reserves) as shown in the Audited Balance Sheet of the Previous Year) | 66,511.91 | 65,526.69 | 55,879.83 | 65,526.70 | 1,19,687.36 | 1,17,793.76 | 1,14,972.55 | 1,17,793.76 |
| Earning Per Shares (for continuing and discontinued operation) of ₹1/-each) | | | | | | | | |
| Basic : | 0.07 | 0.07 | 0.08 | 0.21 | 0.13 | 0.20 | 0.04 | 0.00 |
| Diluted: | 0.07 | 0.07 | 0.08 | 0.24 | 0.13 | 0.20 | 0.04 | 0.00 |

**Notes:-**

1. The above is an extract of the detailed format of quarterly financial results filed with the stock exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the quarterly financial results is available on the websites of the Stock Exchange and company's website www.sindhutrade.com. The above results after being reviewed by the Audit Committee were taken on record by the Board at its Meeting held on 12thAugust, 2023.
2. The above Unaudited financial results of the Company for the Quarter ended on 30th June, 2023 have been reviewed by Audit Committee of the Board and approved by the Board of Director at its meeting held on 12thAugust, 2023.
3. The figures are regrouped in previous year also, wherever considered necessary.
4. Limited Review Report has been carried out by the Statutory Auditors for the above period.

**For & on behalf of Board of Directors**
**Sindhu Trade Links Limited**
**Sd/-**
**Saurabh Sindhu**
**(Director)**
**DIN: 02291158**

**Place: Gurugram**
**Dated: 12.08.2023**